प्रबोधन कार्यक्रम से अद्यतन हुए महापौर परिषद के सदस्य, विभाग प्रमुखों ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से योजनाओं की दी जानकारी, लाभकारी स्कीम को जन-जन तक पहुंचाने में मिलेगी मदद

भिलाई नगर/ आज निगम के सभागार में प्रबोधन कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें महापौर नीरज पाल , आयुक्त प्रकाश सर्वे , सभापति गिरवर बंटी साहू एवं अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी मौजूद रहे। अधिकारियों में विभाग प्रमुखों ने शासन , निगम प्रशासन के द्वारा संचालित योजनाओं एवं अन्य जानकारियों से पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से महापौर परिषद के सदस्यों को अवगत कराया। प्रबोधन कार्यक्रम में जानकारी प्राप्त करने के बाद योजनाओं को धरातल पर लाने और इसका व्यापक प्रसार करने का काम किया जाएगा। वही सलाहकार समिति की बैठक में पार्षदों को इससे अवगत कराते हुए सुझाव लिए जा सकेंगे क्योंकि सलाहकार समिति में सभी 70 पार्षदों को सम्मिलित किया गया है। योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने से जनता तक इसे सीधे पहुंचाने में सहायता मिलेगी। प्रबोधन कार्यक्रम में महापौर परिषद के सदस्य एकांश बंछोर , साकेत चंद्राकर, मन्नान गफ्फार खान, केशव चौबे, सीजू एंथोनी, लालचंद वर्मा, चंद्रशेखर गवई, मीरा बंजारे, मालती ठाकुर, नेहा साहू एवं रीता सिंह गेरा मौजूद रहे। विभाग वार वित्त लेखा एवं अंकेक्षण विभाग के विभाग प्रमुख जितेंद्र ठाकुर एवं प्रस्तुतकर्ता शिल्पा देवांगन , लोक कर्म विभाग के लिए समस्त जोन आयुक्त , जल कार्य के लिए कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा, राजस्व एवं संपदा विभाग की जानकारी एन. आर. रत्नेश, संपत्तिकर विभाग जानकारी भैयालाल असाटी , वाहन शाखा से विष्णु चंद्राकर , गरीबी उपशमन एवं सामाजिक कल्याण विभाग की जानकारी अजय शुक्ला , प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी विनीता वर्मा , नगरीय नियोजन एवं भवन अनुज्ञा विभाग की जानकारी हिमांशु देशमुख , पीडब्ल्यूडी विभाग की जानकारी डी.के. वर्मा, पर्यावरण एवं उद्यानिकी, अनुसूचित जाति एवं जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग तथा संस्कृति पर्यटन मनोरंजन एवं विरासत संरक्षण विभाग की जानकारी विभाग प्रमुख पी.सी. सार्वा ने दी। इसके अलावा प्रबोधन कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता बी.के. देवांगन , स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, सहायक अभियंता तपन अग्रवाल एवं शरद चावड़ा, डाटा सेंटर से दिलीप कुर्वे एवं अशोक कश्यप, सचिव जीवन वर्मा इत्यादि मौजूद रहे।